Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of British era jails in Memorial of Freedom Fighter.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): सभापति महोदय, वर्तमान में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, जिसमें सरकार द्वारा राष्ट्रवाद से प्रेरित अनेक कार्य किए जा रहे हैं । इसी परिप्रेक्ष्य में मैं आपसे और माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत मेरे गृह जिला सिवनी मुख्यालय में अंग्रेजी शासन काल में निर्मित पुरानी जेल है । इस जेल में आजादी में अपना सर्वस्व त्याग करने वाली अनेक विभूतियां रही हैं ।

सिवनी में स्थित इस पुरानी जेल में हम सबके पूजनीय द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरु गोलवलकर जी, सुभाष चंद्र बोस जी, शरद चंद बोस जी, आचार्य विनोबा भावे जी, पंडित द्वारिका प्रसाद मिश्र जी, काका कालेलकर जी, अभ्यंकर जी सहित 55 विभूतियां उस जेल में निरूद्ध रही हैं । 1932 से आजादी के वर्ष तक, वर्तमान में इस जेल भवन में कन्या महाविद्यालय स्थायी रूप से संचालित हो रहा है । आपसे आग्रह है कि पुराने संचालित कन्या महाविद्यालय को अन्यत्र स्थानांतरित करते हुए, इस पुरानी जेल का जीर्णोद्धार करते हुए, इन महान विभूतियों की प्रतिमा स्थापित की जाए और उनके जीवनवृत्त अंकित करते हुए स्मारक बनाए जाएं । यदि इन अमर विभूतियों की याद में जिला सिवनी में स्थित पुरानी जेल को इन अमर विभूतियों का स्मारक बनाया जाता है तो यह इन अमर विभूतियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

इसलिए आपसे आग्रह है कि सिवनी स्थित पुरानी जेल को, आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर विभूतियों की याद में स्मारक बनाया जाए ।